BreastScreen Victoria

Hindi | हिन्दी

# अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें

क्या आपकी स्तन जांच देय है?




हर 2 साल में

**breastscreen.org.au**

पर बुक करें या **13 20 50** पर संपर्क करें

## क्या मुझे ख़तरा है?

विक्टोरिया में 7 में से 1 महिला को अपने जीवनकाल में स्तन कैंसर से ग्रस्त होने की सम्भावना होगी।



स्तन कैंसर से ग्रस्त अधिकांश महिलाओं में इस बीमारी की कोई पारिवारिक पृष्ठभूमि (फैमिली हिस्ट्री) नहीं होती है।



स्तन कैंसर का सबसे बड़ा जोखिम कारक उम्र का बढ़ना है।




## स्तन जांच क्या है?

स्तन जांच (मैमोग्राम), स्तन का निम्नतम मात्रा वाला एक्स-रे है, जिसे 50 से 74 वर्ष की उम्र महिलाओं को हर 2 साल में करवाने की सलाह दी जाती है। BreastScreen Victoria में, आम तौर पर हम प्रत्येक स्तन के दो एक्स-रे चित्र लेंगे - एक ऊपर और एक बगल की ओर से।

स्तन जांच से उन कैंसर का पता लगाया जा सकता है जो महसूस करने में बहुत छोटे होते हैं। जितना शीघ्र कैंसर का पता चलता है, उतनी ही इलाज के सफल होने की संभावना होती है।

## स्तन से सम्बंधित जागरूकता रखें

- अपने स्तनों की सामान्य दिखावट और इनके रूप की जानकारी लें।
- यदि आप अपने स्तनों में कोई बदलाव देखती हैं तो अपने डॉक्टर से मिलें
- अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि (फैमिली हिस्ट्री) और स्तन कैंसर के खतरे के बारे में अपने डॉक्टर से बात करें

## हमारा कार्यक्रम

- निशुल्क है
- महिला रेडियोग्राफर द्वारा किया जाता है
- इसमें लगभग 10 मिनट का समय लगता है
- Medicare कार्ड या डॉक्टर के रेफरल की आवश्यकता नहीं है
- पूरे विक्टोरिया में उपलब्ध है

## क्या मुझे स्तन जांच की आवश्यकता है?

**40 वर्ष से कम उम्र**

40 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के लिए स्तन जांच कम प्रभावी होती है। और अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने डॉक्टर से बात करें।

**40 से 50 वर्ष के बीच, या 74 वर्ष की उम्र से अधिक**

आप निःशुल्क स्तन जांच की पात्र हैं। लेकिन, हम आपको सलाह देते हैं कि आप अपने डॉक्टर से यह जानने के लिए बात करें कि स्तन जांच आपके लिए सही है या नहीं।

**50 से 74 वर्ष की उम्र**

आपको हर 2 साल में स्तन जांच करवानी चाहिए।

**यदि आपकी स्तन जांच देय है, तो breastscreen.org.au पर बुक करें या 13 20 50 पर संपर्क करें**

BreastScreen Victoria

# breastscreen.org.au पर बुक करें या 13 20 50 पर संपर्क करें

**TTY 13 36 77** यदि आपको सुनने या बोलने में कठिनाई है



और अधिक जानकारी के लिए या अपना विवरण बदलने के लिए, **breastscreen.org.au** पर जाएँ या **13 20 50** पर संपर्क करें

दुभाषिया सहायता के लिए, **13 14 50** पर संपर्क करें

अनुवादित जानकारी:
**breastscreen.org.au/translations**

VICTORIA State Government

BreastScreen Victoria, विक्टोरिया सरकार के समर्थन को मान देती है।

© 2023 BreastScreen Victoria.
सर्वाधिकार सुरक्षित

**जून 2023** BR11/0623